आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 10.12.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- दीपावली, यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल।
- राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में जन विश्वास नियोजन एक्ट सहित 19 प्रस्ताव मंजूर।
- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर में थिएटर इन एजुकेशन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू।
- मानवाधिकार दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन।

**दीपावली–यूनेस्को**

भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक त्योहारों में से एक, दीपावली को आज संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन– यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाई ही नहीं जाती, बल्कि इसे पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से भारत और विश्व भर के लोग रोमांचित हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि दीपावली भारत की संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने इस त्योहार को देश की सभ्यता की आत्मा बताया।

**मंत्रिमंडल बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों के 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने जन विश्वास नियोजन एक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके तहत छोटे अपराधों में कारावास की सजा के बजाय अर्थदंड का प्रावधान किया जाएगा। इसके अलावा ट्रांसमिशन लाइन और बिजली लाइनों के दौरान भूमि मालिकों को मिलने वाले मुआवजा राशि को भी बढ़ाया गया है। केंद्र सरकार ने ग्रीन बिल्डिंग को प्रोत्साहित करने के लिए अतिरिक्त एफएआर देने का सुझाव दिया था। इसके तहत मंत्रिमंडल ने भी ग्रीन बिल्डिंग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रावधान किए हैं। बैठक में व्यावसायिक क्षेत्र में ग्राउंड कवरेज पर लगी रोक को हटाने का फैसला किया गया। अब कृषि भूमि पर इको रिसॉर्ट के साथ ही सामान्य रिसॉर्ट भी बन सकेंगे। जबकि पहले कृषि भूमि पर रिसॉर्ट बनाने के लिए भू–उपयोग परिवर्तन करने की जरूरत होती थी। मंत्रिमंडल ने टाउन

प्लानिंग स्कीम और लैंड पुलिंग स्कीम तथा उत्तराखंड माल एवं सेवाकर संशोधन अध्यादेश को भी मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने ''मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना'' और साइलेज व पशु पोषण योजना के तहत किसानों को मिलने वाली सब्सिडी को 75 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया है। बैठक में मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना को मंजूरी देने के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग की ओर से तैयार की गई 'मेरी योजना' पुस्तकों पर विचार गोष्ठी में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मेरी योजना पोर्टल उत्तराखण्ड का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उद्देश्य से इन पुस्तकों का प्रकाशन कराया गया है, उस दिशा में सरकार के प्रयास सार्थक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही उसका लाभ राज्य के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। ये पुस्तकें लाभार्थियों को योजनाओं की पूरी जानकारी प्रदान करने के साथ ही आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और पात्रता संबंधी जानकारी भी प्रदान करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि के मंत्र के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि एकीकृत पोर्टल के माध्यम से पात्र लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल पायेगा।

**प्रशिक्षण**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान– डायट, बागेश्वर में थिएटर इन एजुकेशन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। सत्र की अध्यक्षता करते हुए डायट के प्राचार्य चक्षुष्पति अवस्थी ने कहा कि थिएटर बच्चों की अभिव्यक्ति, संवाद क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 भी कला–एकीकृत शिक्षण पर ज़ोर देती है। प्रशिक्षण में शिक्षकों को आवाज़, शरीर–भाषा, कहानी–अभिनय, कक्षा–आधारित नाट्य गतिविधियों तथा समूह प्रस्तुति जैसी तकनीकें सिखाई जा रही हैं। संदर्भदाता डिंपल मेहता ने बताया कि नाट्य विधियों से बच्चों की समझ कई गुना बढ़ जाती है।

कार्यक्रम समन्वयक रवि जोशी ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को बाल–केंद्रित शिक्षा के लिए और अधिक सक्षम बनाएगा।

## विश्व मानवाधिकार दिवस

मानवाधिकार दिवस पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा द्वारा जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में कोतवाली अल्मोड़ा में स्कूलों की छात्राओं के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शतीश चंद्र कापड़ी ने पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा, विधिक प्राविधान, पुलिस हेल्प लाईन, चाईल्ड हेल्प लाईन, महिला हेल्प लाईन आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्राधिकरण के अधिकार मित्रों ने भी छात्राओं को बाल विवाह, पोक्सो अधिनियम, नालसा हेल्प लाईन की जानकारी दी। छात्राओं को कोतवाली का निरीक्षण भी कराया गया और विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। छात्रा लक्ष्मी बिष्ट ने बताया कि उन्हें उनके अधिकारों और कानूनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## संस्कृत चौपाल

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में संस्कृत विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में देववाणी संस्कृत के संरक्षण व संवर्द्धन को लेकर कई निर्णय लिये गये। इसके तहत प्रदेशभर के संस्कृत ग्रामों में अब प्रत्येक तीन माह में 'संस्कृत चौपाल' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्वान, शोधार्थी, संस्कृत शिक्षक और स्थानीय जनता सहभागिता करेंगे। संस्कृत चौपाल के माध्यम से आम जनता को संस्कृत भाषा से जोड़ने, संवाद स्थापित करने और दैनिक जीवन में संस्कृत के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य के संस्कृत ग्रामों में संस्कृत भाषा के विस्तार के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय देवप्रयाग और उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार का सहयोग सराहनीय है और इसे आगे भी मजबूत किया जाएगा।

## योग शिविर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर में शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण के तहत आज प्रातःकाल योग शिविर का आयोजन किया गया। योग गुरु केवलानंद जोशी ने प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों और प्रशिक्षकों को शीर्षासन, ताड़ासन, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन कराए। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार सहित सभी प्रतिभागियों ने योगाभ्यास में भाग लिया।